कार्यालय : प्रभागीय वनाधिकारी, रेनुकूट वन प्रभाग,रेनुकूट (सोनभद्र) ।

पत्रांक : 603 /रेनुकूट/ 15–31 रेनकूट,दिनांक,अगस्त, 19 ,2019

सेवा में,

श्री विवेक कुमार,
हेड लीगल,
अधिकृत हस्ताक्षरी,
मे0 हिण्डालको इण्डस्ट्रीज लि0
रेनुकूट–सोनभद्र ।

विषयः– जनपद–सोनभद्र के रेनुकूट वन प्रभाग, अन्तर्गत मे0 रेनुसागर पावर कम्पनी को ऐश डिस्पोजल यार्ड के निर्माण हेतु वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के अन्तर्गत प्रदत्त कुल 126.27 हे0 में से 61.2348 हे0 आरक्षित वन भूमि के लीज को आगामी 10 वर्षो के लिये (21.06.2019 से 20.06.2029 तक) नवीनीकरण किये जाने के संबंध में नवीनीकरण प्रस्ताव का प्रेषण ।

संदर्भः– इस कार्यालय का पत्र संख्या 368/रेनुकूट/15–31 दिनांक– 26.07.2019

महोदय,

विषयगत संदर्भित पत्र जो मुख्य वन संरक्षक, मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुर को सम्बोधित है तथा आपको पृष्ठांकित है, का अवलोकन करने का कष्ट करें । संदर्भित पत्र द्वारा प्रेषित प्रस्ताव में भाग–2 से संबंधित 13 बिन्दुओं में अंकित विवरण को मुख्य वन संरक्षक मीरजापुर क्षेत्र, मीरजापुन ने अपने कार्यालय के पत्र संख्या– सा0 704/मी0क्षे0 /33 दिनांक– 08.08.2019 द्वारा अपूर्ण मानते हुए सूचना को संशोधित कराने के उपरान्त नवीनीकरण प्रस्ताव उपलबध कराने हेतु निर्देशित किया गया है ।

अतः उक्त बिन्दु में इंगित कमियों के निराकरण कराने हेतु क्षतिपूरक वनीकरण हेतु उपलब्ध कराये गये गैर वन भूमि एवं उस पर वनीकरण हेतु निर्धारित धनराशि आदि के संबंध में निम्न प्रारूप में सूचना उपलब्ध कराने का कष्ट करें ताकि स–समय अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सकें :–

क्र0सं0	ग्राम का नाम जहाँ समतुल्य गैर वन भूमि उपलब्ध करायी गयी है	क्षेत्रफल (हे0) में	उपलब्ध करायी गयी गयी वन भूमि को आरक्षित/रक्षित वन भूमि धोषित कराये जाने की स्थिति	रेंज/प्रभाग का नाम	कम्पार्टमेन्ट नम्बर	क्षतिपूरक वनीकरण हेतु उपलबध कराये गये वांछित धनराशि	क्षतिपूरक वनीकरण हेतु उपलब्ध कराये गये वांछित धनराशि से संबंधित चेक/बैंक ड्राफ्ट संख्या व दिनांक
1	2	3	4	5	6	7	8

उक्त गैर वन भूमि से संबंधित के0एफ0फाईल की सी0डी0 एवं इस कार्यालय के पत्र संख्या–3500/रेनुकूट/15–31 दिनांक– 12.04.2019 के पैरा संख्या–2 में अंकित विवरण के अनुसार भी वांछित सूचना/अभिलेख उपलब्ध कराने का कष्ट करें ।

भवदीय

19/08/19

(एम0पी0सिंह)
प्रभागीय वनाधिकारी
रेनुकूट वन प्रभाग,रेनुकूट